बुद्धि परीक्षणों का उपयोग Use of Intelligence Tests

मानव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों यथा शिक्षा, व्यवसाय, उद्योग धंधे, सेना, अनुसंधान आदि में योग्य व्यक्तियों का चयन करने के लिए तथा सामान्य जीवन में भी मानसिक क्षमता के आंकलन के लिए बुद्धि परीक्षणों के उपयोग की आवश्यकता पड़ती है। बुद्धि परीक्षणों के कुछ प्रमुख उपयोग संक्षेप में निम्नवत हैं।

1. शैक्षिक उपयोग - Educational use -

बुद्धि परीक्षणों का सर्वाधिक उपयोग शैक्षिक क्षेत्र में किया जाता है। शिक्षा प्राप्त करने में छात्रों की सफलता का पूर्वकथन करने, उनके समायोजन को सुनिश्चित करने तथा उन्हें सफलता के नवीन आयाम प्रदान करने के लिए शिक्षा संस्थाओं में कार्यरत अध्यापकगण व प्रधानाचार्य तथा शिक्षाशास्त्री, प्रशासक वर्ग व अनुसंधानकर्ता बुद्धि परीक्षणों का व्यापक रूप से उपयोग करते हैं।

छात्रों को प्रवेश देने के लिए, पाठ्यविषयों के चयन के लिए छात्रों का वर्गीकरण करने के लिए, पाठ्यक्रम निर्धारित करने के लिए, छात्रों का वर्गीकरण करने के लिए छात्रों की प्रतिभा व बुद्धि दौर्बल्य का पता लगाने के लिए, छात्रों को निर्देशन देने के लिए, छात्रों को कक्षोन्नति देने के लिए, अनुसंधान कार्य करने के लिए तथा अन्य अनेक शैक्षिक कार्यों में बुद्धि परीक्षणों का प्रयोग किया जा सकता है।

Notes ✍ Mon Tue Wed Thu Fri Sat Sun

2- व्यावसायिक उपयोग - Vocational use

व्यवसाय के क्षेत्र में भी बुद्धि परीक्षणों का प्रचुरता से उपयोग किया जाता है। विभिन्न रोजगारों, व्यवसायों तथा नौकरियों के लिए उपयुक्त व्यक्ति या कर्मचारी छांटने के कार्य में बुद्धि परीक्षणों का उपयोग किया जाता है। बुद्धि परीक्षणों की सहायता से नियोक्ता अभ्यर्थियों की मानसिक योग्यता का मापन करके उनमें से सर्वोत्तम व्यक्ति का चयन कर सकता है। पदोन्नति तथा वर्गीकरण के कार्य में भी बुद्धि परीक्षणों का प्रयोग लाभप्रद होता है।

2- नैदानिक उपयोग - Diagnostic use

बुद्धि परीक्षणों का प्रयोग नैदानिक उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है। बालकों की बुद्धि का ज्ञान करके उनकी शैक्षिक प्रगति, समायोजन तथा अधिगम आदि को अधिक अच्छी तरह से संचालित किया जा सकता है। इस कार्य में बुद्धि परीक्षण उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

3- अनुसंधान उपयोग - Research use

शैक्षिक तथा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान कार्यों में भी बुद्धि परीक्षणों का बहुतायत से प्रयोग किया जाता है। बुद्धि से सम्बन्धित कारकों के ज्ञान, बुद्धि के सिद्धान्तों के प्रतिपादन, बुद्धि से प्रभावित होने वाली क्रियाओं आदि अनुसंधान कार्यों में बुद्धि मापन के लिए बुद्धि का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा बुद्धि को

Anoop

प्रभावित करने वाले या बुद्धि से प्रभावित होने वाले कारकों से सम्बन्धित अनुसंधान कार्यों में बुद्धि परीक्षणों का प्रयोग करना अपरिहार्य होता है।

5- व्यावहारिक उपयोग - Practical use

मानव के व्यावहारिक जीवन में भी बुद्धि परीक्षण उपयोगी भूमिका अदा कर सकते है। व्यक्ति की मानसिक योग्यताओं के आधार पर उन्हें वस्तुनिष्ठ ढंग से उच्च बुद्धि, सामान्य बुद्धि या मंद बुद्धि जैसे कुछ वर्गों में वर्गीकृत करने के लिए बुद्धि परीक्षणों का प्रयोग किया जाता है। व्यक्ति के दिन प्रतिदिन के व्यवहार तथा पारिवारिक सामाजिक व विद्यालयी समायोजन तथा उत्तरदायित्वों को देने के लिये यह जरूरी होता है।

6- अधिगम प्रणाली में उपयोगी - useful in learning Process

सीखने की प्रक्रिया बुद्धि पर निर्भर करती है। छात्र की लगन, अभ्यास प्रक्रिया, त्रुटियों का निराकरण, धारणा, प्रोत्साहन, अधिगम स्थानान्तरण आदि में बुद्धि का सबसे अधिक प्रभाव होता है। बुद्धि परीक्षणों ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रतिभाशाली बालक कम समय में अधिक अधिगम एवं ज्ञान का स्थानान्तरण करने में समर्थ होते है।

Notes

Mon Tue Wed Thu Fri Sat Sun

बुद्धि परीक्षण की सीमाएँ - Limitations of Intelligence Test

इसकी कुछ कमियाँ है जो निम्न है—

1- विश्वसनीयता का अभाव - Lack of Reliability

सामान्य रूप में बुद्धि परीक्षण विश्वसनीय नही होते है एक मूल्यांकनकर्ता के बाद दूसरे के जाँचने पर अन्तर पाया जाता है अतः सही रूप में इनसे योग्यता का परीक्षण नही हो पाता

- व्यापकता का अभाव - Lack of comprehensive

बुद्धि से सम्बन्धित पक्षों या पहलुओ पर विस्तृतता का अभाव है, वे सभी पक्षों का मापन नही कर सकते परिणामस्वरूप इनसे उद्देश्यनिष्ठ परिणाम प्राप्त नहीं होते।

- प्रामाणिकता का अभाव - Lack of authentication

बुद्धि परीक्षण में बुद्धि की प्रामाणिक परीक्षाओ का सदैव अभाव रहता है यदि परीक्षण में सत्यता एवं विश्वसनीयता नही होगी तो वह प्रामाणिक भी नहीं होगा।

- मतभेद -

बुद्धि की परिभाषाओ में अन्तर है अतः इसकी जटिलता के कारण बुद्धि परीक्षण निर्माण में वांछित रुचि नही लेते।

Anoop

Notes

Mon Tue Wed Thu Fri Sat Sun

5- यन्त्रों का अभाव Lack of tools

प्रयोगशाला में कभी यन्त्रों में दोष आ जाते है, खराब होने पर वह समय पर ठीक नही हो पाते अतः प्रत्येक स्थान पर इनका प्रयोग कठिन है।

6- अनुमान का प्रदर्शन Exhibition of guess work

बुद्धि परीक्षण के प्रश्नो में छात्र अनुमान से उत्तर देते है जिसके परिणामस्वरूप बुद्धि का सही मापन नही होता। इसके परिणामो के बारे में सही भविष्यवाणी नही की जा सकती।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
... बलिया

Anoop